>

Title: . Need to determine eco-sensitive zone in Ranthambore Kailka devi Sanctuary area in Kairali-Dholpur Parliamentary Constituency , Rajasthan.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): धन्यवाद सभापति महोदय । मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र राजस्थान के करौली-धौलपुर और उसके नजदीक सवाई माधोपुर जिले के रणथम्भौर-कैला देवी अभ्यारण्य की ओर दिलाना चाहता हूं । रणथम्भौर-कैला देवी अभ्यारण्य का ईको-सेंसिटिव जोन का निर्धारण नहीं होने के कारण उसके दस किलोमीटर तक के क्षेत्र में किसी भी विकास कार्य और खनन कार्य पर रोक लगी हुई है, जिसके कारण वहां के आम नागरिकों को रोजगार में और वहां के विकास में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं । मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि यह मेरे संसदीय क्षेत्र का बहुत ज्वलंत और महत्वपूर्ण विषय है, क्योंकि खनन ही मेरे संसदीय क्षेत्र का एकमात्र रोजगार का विषय है । मेरा जिला एक आकांक्षी जिला भी है । इसलिए मैं आग्रह करना चाहूंगा कि राज्य सरकार से तुरंत इस विषय की रिपोर्ट मंगवाकर रणथम्भौर-कैला देवी अभ्यारण्य क्षेत्र के ईको-सेंसिटिव जोन का निर्धारण करना जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए । धन्यवाद ।